तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **छोगाराम बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा)** सू.अ.अपील संख्या 156/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26—11—24	अपीलार्थी छोगाराम निवासी मतवालों की ढ़ाणी बाला वाया— भावी तहसील बिलाड़ा जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 28/05/24 में राजस्व अभिलेख ग्राम बाला के खसरा नं. 77 रकबा 9 बीघा 19 बिस्वा किस्म बारानी प्रथम से संबंधित म्यूटेशन सं. 128 दिनांक 18.02.1975 के स्वीकृत सुदा म्यूटेशन पंजिका की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार बिलाड़ा) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार बिलाड़ा) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर—ग्रामीण	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.2[illegible] 17:59:57 IST
Reason: Approved